www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स

**23 मई 2024**

# अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ( ICC )

- इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (ICC) के चीफ प्रॉसिक्यूटर करीम खान ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आवेदन किया है।
- कुछ देश इजराइल के पक्ष में हैं तो कुछ खुलकर उसके खिलाफ आ गए हैं। नॉर्वे ने नेतन्याहू को अपनी सीमा में गिरफ्तार करने का ऐलान किया है।

## अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय;-

- ICC एक स्थायी अंतर्राष्ट्रीय अदालत है।
- इसे नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराध और आक्रामकता के अपराध के आरोपी व्यक्तियों से पूछताछ करने, आरोप तय करने और मुकदमा चलाने के लिए स्थापित किया गया है।
- इसे 1998 में रोम संविधि द्वारा स्थापित किया गया था।
- **मुख्यालय:** हेग, नीदरलैंड
- **सदस्यता:** 124 देश रोम संविधि के पक्षकार देश हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है।
- इसमें 18 न्यायाधीश होते हैं जो 9 वर्ष तक अपने पद पर बने रहते हैं। इन्हें फिर से नियुक्त नहीं किया जाता है।
- ICC राष्ट्रीय आपराधिक न्याय प्रणालियों की जगह नहीं लेता है; बल्कि, यह उनका पूरक है।



# लुशाई जनजाति

- मिजोरम के फावंगपुई राष्ट्रीय उद्यान में फेथिरोस्पर्मम लुशायोरम नामक एक दुर्लभ अर्ध-परजीवी स्थलीय पौधा पाया गया है।
- यह अर्ध-परजीवी स्थलीय पौधे की एक नई प्रजाति है ।

## लुशाई जनजातिः-

- यह कुकी-चिन जनजाति समूह के अंतर्गत आने वाली एक जनजाति है।
- इन्हें आमतौर पर मिजो के रूप में जाना जाता है और नस्लीय रूप से इन्हें मंगोलॉयड मूल के अंतर्गत माना जाता है।
- इनका मुख्य व्यवसाय झूम और संतरे की खेती है।
- लुशाई को हेड हंटर समुदाय के नाम से जाना जाता है।
- बांस नृत्य (चेरौ-नृत्य) इनका लोकप्रिय नृत्य है।
- लुशाई या मिजो समाज पितृवंशीय (और संयुक्त परिवार) होता है जिसमें पितृवंशीय उत्तराधिकार और विरासत के नियम विद्यमान हैं।



## रेन्जलैंड

- हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट पता चला है कि विश्व के रेन्जलैंड का 50% तक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है, जो पिछले अनुमान के 20-35% की तुलना में लगभग दोगुना है।

### रेन्जलैंड के बारे में:

- रेन्जलैंड उन विशाल भूमि क्षेत्रों को संदर्भित करता है जो मुख्य रूप से मवेशियों के चराई के लिए उपयोग किए जाते हैं, जहां प्राकृतिक वनस्पति जैसे घास, झाड़ियाँ और जड़ी-बूटियाँ मुख्य चारे के स्रोत के रूप में काम करती हैं।
- ये परिदृश्य आमतौर पर खुले स्थानों, न्यूनतम वृक्षावरण और गहन कृषि के लिए अनुपयुक्त होते हैं।
- ये 80 मिलियन वर्ग किलोमीटर में फैले हुए हैं, जो स्थलीय सतह के 54% से अधिक का निर्माण करते हैं।
- ये व्यापक मवेशी उत्पादन प्रणालियों का समर्थन करते हैं, जो वैश्विक भूमि सतह के 45% को कवर करते हैं।
- भारत की कुल भूमि सतह का लगभग 40% चराई के लिए उपयोग किया जाता है, जिसमें घास के मैदान (17%) और वन (23%) शामिल हैं।
- पशुपालन सबसे पुराने और सबसे टिकाऊ खाद्य प्रणालियों में से एक है, जो विश्व भर में 500 मिलियन लोगों का समर्थन करता है।
- संयुक्त राष्ट्र ने 2026 को अंतर्राष्ट्रीय रेन्जलैंड और पशुपालक वर्ष घोषित किया है ताकि स्वस्थ रेन्जलैंड और टिकाऊ पशुपालन की वकालत की जा सके।
- मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने भारत में पशुपालकों, जानवरों और पशुपालक अर्थव्यवस्था की संख्या का अनुमान लगाने के लिए पहली जनगणना शुरू की।
- वर्तमान में लगभग 20 मिलियन पशुपालक भारत के वनों और घास के मैदानों में चराई करते हैं।



# नीली भेड़

- हाल ही में, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले में वन्यजीव अधिकारियों ने नीली भेड़ (भरल) और हिमालयी आइबेक्स की आबादी की गणना के लिए सर्वेक्षण शुरू किया।

## नीली भेड़;-



- नीली भेड़, जिसे भरल (*Pseudois nayaur*) के नाम से भी जाना जाता है, हिमालय की एक बकरी-मृग है।
- यह एक मध्यम आकार का स्तनपायी है जो भारत, नेपाल, भूटान, तिब्बत और पाकिस्तान के पर्वतीय क्षेत्रों में रहता है।
- नीली भेड़ की लंबाई 45-65 इंच होती है, इसकी पूंछ 3.9-7.9 इंच की होती है और कंधे पर इसकी ऊंचाई 27-36 इंच होती है।
- इसका शरीर ठोस, पैर मजबूत, छाती चौड़ी और कंधे मजबूत होते हैं।
- यह वृक्ष रहित ढलानों, अल्पाइन घास के मैदानों, झाड़ी क्षेत्रों, सौम्य पहाड़ियों, चट्टानों के पास और ऊबड़-खाबड़ स्थानों में रहती है।
- नीली भेड़ शाकाहारी है और हिम तेंदुए द्वारा शिकार होती है।

## हिमालयी आइबेक्स;-

- हिमालयी आइबेक्स (*Capra sibirica hemalayanus*) साइबेरियाई आइबेक्स (*Capra sibirica*) की एक जंगली बकरी उप-प्रजाति है।



- इसे सेंट्रल एशियन आइबेक्स, गोबी आइबेक्स, मंगोलियन आइबेक्स और तियान शान आइबेक्स के नाम से भी जाना जाता है।
- हिमालयी आइबेक्स जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ट्रांस-हिमालयी पहाड़ियों में, मुख्य रूप से 3,800 मीटर और उससे अधिक की ऊँचाई पर पाया जाता है।
- हिमालयी आइबेक्स एक शाकाहारी जीव है जो पर्वतीय घास और पौधों पर निर्भर करता है।
- नीली भेड़ और हिमालयी आइबेक्स दोनों को आईयूसीएन रेड लिस्ट में न्यूनतम चिंता की श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।

## डेली करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में किसने एमिलिया रोमाग्ना ग्रैंड प्री 2024 जीती है ?

( अ ) मैक्स वर्स्टप्पन ( ब ) लैंडो नॉरिस

( स ) चार्ल्स लेक्लर ( द ) कोई नहीं

उत्तर-मैक्स वर्स्टप्पन

2. हाल ही में भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग ने वैक्सीन कोल्ड चेन प्रबंधन के लिए किसके साथ समझौता किया है ?

( अ ) UNDP ( ब ) WHO

( स ) UN ( द ) UNSCC

उत्तर-UNDP

3. हाल ही में किसने मलेरिया वैक्सीन खुराक की पहली खेप अफ्रीका भेजी है?

( अ ) भारत बायोटेक

( ब ) सीरम इंस्टीटयूट

( स ) बायोकॉन लिमिटेड

( द ) सिनजीन इंटरनेशनल लिमिटेड

उत्तर-सीरम इंस्टीटयूट

4. हाल ही में आयी NCBC की रिपोर्ट के अनुसार 2014 से 2022 तक SC छात्र नामांकन में कितने प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है ?

( अ ) 30% ( ब ) 40%

( स ) 44% ( द ) 48%

उत्तर-44%

5. हाल ही में किसने कैसाब्लांका शतरंज 2024 जीता है ?

( अ ) मैग्नस कार्लसन ( ब ) हिकारु नाकामा

( स ) विश्वनाथन आनंद ( द ) कोई नहीं

उत्तर-मैग्नस कार्लसन

6. भारत और किस देश के बीच 2024 के अंत तक वीजा फ्री टूरिस्ट एंट्री पर सहमति बनी है?

( अ ) अमेरिका ( ब ) जापान

( स ) रूस ( द ) फ्रांस

उत्तर-रूस

7. इटालियन ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल खिताब किसने जीता है?

( अ ) कैस्पर रुड ( ब ) युकी भांबरी

( स ) एंड्री रुबलेव ( द ) अलेक्जेंडर जेवेरेव

उत्तर-अलेक्जेंडर जेवेरेव

8. FSSAI ने फलों को पकाने के लिए किस पदार्थ के उपयोग करने पर फल व्यापारियों को चेतावनी जारी की है?

( अ ) सोडियम क्लोराइड

( ब ) सोडियम ऑक्साइड

( स ) कैल्शियम कार्बाइड

( द ) नाइट्रस ऑक्साइड

उत्तर-कैल्शियम कार्बाइड

**9. कौन सा राज्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से संचालित यातायात प्रबंधन प्रणाली शुरू करेगा?**

( अ ) सिक्किम ( ब ) मेघालय

( स ) कर्नाटक ( द ) केरल

उत्तर–सिक्किम

**10. किस शहर में रॉक आर्ट का पहला साक्ष्य खोजा गया है?**

( अ ) मंगलुरु ( ब ) कोच्चि

( स ) बेंगलुरु ( द ) चेन्नई

उत्तर–मंगलुरु

KAUTILYA ACADEMY INDORE